कार्यालय. रक्षा लेखा नियंत्रक, नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500009.
OFFICE OF THE C.D.A., ,NO.1, STAFF ROAD, SEC'BAD-09.
दूरभाष : 040-27843385 फैक्स/Fax: 040-27817275

सं./No. Paytech/4024/Circular दिनांक : 20.10.2014

महत्वपूर्ण परिपत्र

सेवा में,

1. सिकंदराबाद और हैदराबाद स्थित सभी यूनिटें और रचनाएं
2. सिविलियन वेतन अनुभाग I, III और IV

हाल के दिनों में यह देखा गया है कि इस कार्यालय द्वारा परिचालित परिपत्र, का.आ. भाग-1 तथा अन्य सूचनाएं संबंधित कार्यालयों/यूनिटों को देर से प्राप्त हो रहीं हैं और कुछ मामलों में पारगमन के दौरान इनके खो जाने के कारण कुछ कार्यालयों को ये पत्र/सूचनाएं प्राप्त ही नहीं होती हैं । इस प्रकार सूचनाओं के देर से अथवा प्राप्त ही न होने के कारण अपेक्षित रिपोर्टें/सूचनाएं जो यूनिटों/कार्यालयों को भेजी जानी होती हैं वो समय पर प्राप्त नहीं होती हैं और परिणामतः निर्धारित समय पर अपेक्षित कार्रवाई में विलंब होता है अथवा कार्य नहीं किया जाता है ।

चूँकि रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अधीन सभी कार्यालयों को इंटरनेट सुविधा द्वारा जोड़ा गया है, इसलिए नियंत्रक महोदय ने वेब सुविधा के माध्यम से सभी परिपत्रों/का.आ. भाग-1 और अन्य आवश्यक सूचनाओं को रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अधीन आने वाले सभी कार्यालयों /यूनिटों को सूचित करने का निर्णय लिया है।

अतः, सभी कार्यालयों/यूनिटों के अध्यक्षों से अनुरोध है कि रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद की वेबसाइट अर्थात् www.cdasecbad.ap.nic.in. से निरंतर संपर्क रखें ताकि वे उपरोक्तानुसार सभी सरकारी परिपत्र/सूचनाएं और आदेशों को देख सकें ।

यहाँ पर यह बताना आवश्यक है कि आपके कार्यालयों द्वारा इन आदेशों/परिपत्रों को डाउनलोड करना होगा और इसकी एक प्रति (hard copy) अपने कार्यालयों में रखकर (जैसा कि अब तक किया जाता रहा है) उन पर आवश्यक कार्रवाई भी करनी होगी । उपरोक्त परिपत्रों/आदेशों की पावती इस कार्यालय को भेजना अनिवार्य है ।

कृपया पावती दें ।

बाल जवाहर
रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (वेतन)